## एक नजर में

### रामपुरिया खेड़ा में आज विशाल शोभा यात्रा



**पड़ाना 01 सिम्बर, सं.** तेजा दशमी पर्व पर पड़ाना से डेढ़ किलोमीटर दूर स्थित सत्यवादी वीर तेजाजी महाराज की नगरी रामपुरिया खेड़ा में जाट समुदाय विशाल आयोजन करेगा. इस मौके पर मंगलवार सुबह 8 बजे नेशनल हाईवे मऊ से दो पहिया वाहन सहित चार पहिया वाहनों की एक विशाल रैली निकाली जाएगी. मंगलवार 10 बजे नगर में वीर तेजाजी की धर्म ध्वजा छड़ी निशान की एक विशाल शोभा यात्रा ढोल नगाड़े डीजे पुष्प अबीर के साथ निकाली जावेगी. महाआरती कर सोलहवाँ सामूहिक महा प्रसादी भंडारे का आयोजन होगा. जिसको लेकर नगर में स्थित प्राचीन तेजाजी महाराज मंदिर की आकर्षक रंग रोगन कर साज सज्जा की गई है.

### टिकोद स्कूल के छात्रों का जिले में चयन

**पडाना 01 सितम्बर, सं.** ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में संकुल केंद्र पड़ाना के अंतर्गत आने वाला शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल टिकोद स्कूल में अध्यनरत छात्र छात्राओं ने सोमवार ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिया. जहां 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में अभिषेक चौहान ने प्रतियोगिता जीत पर जिले में चयन हुए. वही बादल भिलाला ने 1500 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान एवं तीसरे स्थान पर मनोज प्रजापति रहे तीनों छात्रों ने विद्यालय का नाम रोशन करने पर विद्यालय परिवार में उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी.

### करनवास की प्रतिभाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

**करनवास 01 सिम्बर, सं.** शा उमावि करनवास के छात्र छात्राओं ने जिला स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है. जिला स्तरीय वाली बॉल प्रतियोगिता राजगढ़ में सम्पन्न हुई जिसके अंतर्गत सभी ब्लॉक से प्रतिभागी उपस्थित हुए. प्रतियोगिता में राजगढ़ ब्लाक ने अंडर 17 में गर्ल और बॉयज की दोनों टीमे विजेता रही. साथ ही अंडर-19 बॉयज ने फाइनल जीता और अंडर 19 में गर्ल्स ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का स्थान प्राप्त किया. जिसमें करनवास हायर सेकंडरी विद्यालय के छात्र-छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा. इस प्रदर्शन पर जिला क्रीड़ा अधिकारी महेंद्र सिंह परमार, संस्था प्राचार्य महेश यादव एवं स्टाफ द्वारा बच्चों को शुभकामनाएं प्रेषित की गई. संस्था के खेल शिक्षक रविंद्र सिंह तोमर ने बच्चों को तैयारियां करवाई.

### शिक्षक संघ द्वारा हमारा विद्यालय कार्यक्रम

**छापीहेड़ा 01 सिम्बर, सं.** म.प्र. शिक्षक संघ द्वारा आयोजित हमारा विद्यालय, हमारा स्वाभिमान जकार्यक्रम के अंतर्गत आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छापीहेड़ा में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ की शाखा छापीहेड़ा प्रमुख छोटूलाल सेन, विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा समस्त एवं शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में विद्यालय की 572 छात्राओं ने हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान के बारे में जानकारी प्राप्त की. इस कार्यक्रम के अन्तर्गत विद्यालय की 572 छात्राओं एवं 24 शिक्षक, शिक्षिकाओं ने संकल्प लिया.

# नए राजगढ़ जाने की दिशा, दशानन पर धर्मसंकट

**नवभारत विशेष :** भविष्य के राजगढ़ और नवीन दशहरा मैदान के पहुंच मार्ग का मामला हाईकोर्ट पहुंचा, दहन पर असमंजस

**2024 में हुआ था यहां रावण दहन**



ध्यानाकर्षण

> विजयादशमी हिन्दू समाज का बड़ा और प्रमुख त्यौहार है. असत्य और सत्य की विजय का यह पर्व पूरे मानवसमाज को संदेश देता है. जल्द दशहरा मैदान के लिए व्यवस्थित रास्ता बनना चाहिए. यह नए शहर को जाने का मार्ग है.
>
> **आशीष नागर,**
> **अध्यक्ष नजर बाग हनुमान समिति, राजगढ़**

**गौरव चौरसिया/जयराज सिंह राठौड़**

**राजगढ़ 1 सितम्बर. जिला मुख्यालय अब एक नई दिशा और भविष्य को ओर बसने जा रहा है. लेकिन भविष्य के इस राजगढ़ के लोकपसंद मुख्य मार्ग पर धर्मसंकट गहरा गया है. इतना ही नहीं अधर्म की प्रतिमा कहे जाने वाले दशानन भी इस धर्म संकट की चपेट में आ गए है. कारण सिर्फ एक मार्ग के मसले को लेकर वक्फ बोर्ड और दरगाह कमेटी द्वारा हाईकोर्ट में पहुंच जाना है. तत्कालीन कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने सीमांकन कराते हुए इस रास्ते को खोला था. लेकिन अब सभी पक्ष इसे बेहतर मध्यस्थता और निष्कर्ष के साथ चालू रखने की बात कर रहे है. नए शहर के रास्ते पर सभी चलना चाहते है. अब माननीय न्यायालय जो निर्णय देंगे वह सभी को शिरोधार्य होगा.**

उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय राजगढ़ में गत वर्ष से तत्कालीन कलेक्टर हर्ष दीक्षित के हस्तक्षेप और प्रशासनिक कार्यवाही के बाद संकट मोचन बड़ली क्षेत्र स्थित दशहरा मैदान पर रावण दहन की शुरुआत हुई. दशहरा के दिन भारी आवाजाही के चलते यहां तक पहुंचने एक और नवीन रास्ता बनाने प्रशासन एवं राजस्व विभाग द्वारा भूमि आवंटन व स्वीकृति साल भर पूर्व दी जा चुकी है किंतु नपा द्वारासुध नहीं ली गई.






### मेडिकल, नर्सिंग, पॉलिटेक्निक कॉलेज, स्कूल, छात्रावास, रेलवे स्टेशन, हैलीपेड सब एक ही रास्ते पर

इस नए रास्ते की अड़चने हटने से जहां दशहरा मैदान पहुंचने में काफी सविधा और समय की बचत होगी वहीं इस मार्ग से होकर नवीन मेडिकल कॉलेज, रेलवे स्टेशन, सीएमराईज स्कूल, छात्रावास, पॉलिटेक्रिक कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज सहित अन्य रेल्वे स्टेशन, हैलीपेड जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर सुगमता के साथ पहुंचा जा सकेगा. भविष्य में और भी शासकीय भवन इसी क्षेत्र में बनना है क्योंकि इस क्षेत्र में सर्वाधिक शासकीय भूमि है. भविष्य के राजगढ़ की नींव इसी स्थान पर मानी जाती है. इस भविष्य की ओर जाने के लिए यह रास्ता सबसे अच्छा साधन हो सकता है.

> वक्फ बोर्ड और दरगाह कमेटी मिलकर सीमांकन के खिलाफ हाई कोर्ट में गई है. यदि जन हित में रास्ता निकालने को लेकर कोई प्रस्ताव आता है तो निश्चित विचार किया जाएगा.
>
> **शफीक गामा,**
> **सदर दरगाह कमेटी, राजगढ़**

> सड़क निर्माण के लिए ही सीमांकन हुआ था, लेकिन मामला न्यायालय में है. इसलिये अभी तक कुछ नही हो सका है. फैसला आने पर ही कुछ हो सकेगा.
>
> **पवन कुमार अवस्थी**
> **मुख्य नपाधिकारी, राजगढ़**

### जल्द पहुंचाएगा नवीन रास्ता

यहां पहुंचने के लिए दो रास्ते जाते हैं. एक रास्ता मंगल भवन से नवीन सब्जी मंडी, परेड ग्राउण्ड, हेडगेवार कॉलोनी होते हुए दशहरा मैदान पहुंचता है, जबकि एक अन्य रास्ता नेशनल हाईवे से संकट मोचन बडली होत हुए जाना है. इनमें एक रास्ते की दूरी डेढ़-दो किमी है जबकि नेशनल हाईवे से जाने वाले रास्ते की दूरी करीब 4 किमी है. दशहरा के दिन भारी भीड़ और यातायात दबाव के मद्देनजर नवीन बस स्टेण्ड से एक और नवीन रास्ता बनाने का निर्णय प्रशासन द्वारा लिया गया था. वर्ष 2023 में तत्कालीन कलेक्टर द्वारा स्वीकृति प्रदान करने के बाद राजस्व विभाग द्वारा भूमि आवंटन सहित मार्ग निर्माण हेतु सभी प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई. मामला न्यायालय में है इसलिए अग्रिम कार्यवाही रूकी हुई है.

## शहर की सड़कों पर गौवंश की फजीहत

**जीरापुर 01 सिम्बर, सं.** जैसे ही बारिश शुरू होती है गौमाता के लिए मुसीबत बन जाती है. बारिश में गौमाता गांव से शहर या गांव के उन पक्के सड़क मार्ग पर विचरण करने पर मजबूर हो जाती है. नगर के मुख्य चौराहे सड़क बेसहारा घूम रही गौवंश की फजीहत हो रही है. तेज़ बारिश में भीगतीं ये लावारिस गायें कभी ट्रैफिक के बीच तो कभी गड्ढों के किनारे शरण लेने को मजबूर हैं. खुले आसमान के नीचे खड़ी इन गायों के लिए न कोई स्थायी आश्रय है, न ही कोई देखरेख हो रही है. स्थानीय प्रशासन और नगर परिषद इस समस्या को लेकर उदासीन बना हुआ नजर आता है.

हालांकि कुछ जगहों पर महज़ औपचारिकता नगर परिषद एवं प्रशासन निभाने के लिए दिखावा जरूर करता है. गौ माता के संरक्षण को लेकर जिला कलेक्टर ने विगत माह में आदेश जारी करके उनकी सुरक्षा एवं रखरखाव के पुख्ता इंतजाम के लिए निर्देशित तो किया है लेकिन कहीं इंतजाम प्रतीत नहीं होता है. बारिश की मार एवं उचित व्यवस्था के लिए शासन प्रशासन को उचित एवं गंभीरता से कदम उठाया जाना चाहिए ताकि गौसेवा का उचित प्रतिफल मिले.

## दिनेश यादव की नियुक्ति से हर्ष



**नवभारत न्यूज**
**खुजनेर 01 सितंबर, सं.** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के पारदर्शी प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए राज्य स्तरीय सतर्कता समिति में सदस्य के पद पर खुजनेर निवासी दिनेश यादव को मनोनित किया गया है. खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय के तहत उप सचिव बी.के. चंदेल मध्य प्रदेश शासन खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के द्वारा जारी आदेश में यह नियुक्ति की गई है. उनके मनोनयन पर हर्ष व्याप्त करते हुए राजेश गुप्ता लिम्बोदा वाले, बालुप्रसाद पटेल, रितशे शर्मा पटवारी, हरिन गुरुजी, भगवान सिंह नागर, दिनेश नागर, रामप्रसाद सेल्समेन, रामचन्द्र सेल्समेन, विष्णु नागर सहित नागरिकों ने पुष्पहारों से स्वागत कर बधाई दी.

## नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय 4 को पचोर में



**पचोर 01 सिम्बर, सं.** राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय नगरीय विकास एवं आवास मंत्री नगर में करोड़ों के विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमि पूजन 4 सितंबर को करेंगे. कार्यक्रम की तैयारी को लेकर सांसद रोडमल नागर एवं राज्य मंत्री गौतम टेटवाल, नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोड़िया, मंडल अध्यक्ष विकास दीक्षित ने जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ सभा स्थल पहुंचकर तैयारी का निरीक्षण किया. मंत्री एवं सांसद द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के तहत आयोजन को सफल बनाने के लिए नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोड़िया एवं मंडल अध्यक्ष विकास दीक्षित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तैयारी का लगातार जाएगा ले रहे हैं.

## स्कूल बसों की चेकिंग की, 2 का बनाया चालान

**नवभारत न्यूज**
**सारंगपुर 01 सिम्बर, सं.** जिला पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी आदेशानुसार थाना प्रभारी आकांक्षा हाडा निर्देश पर सोमवार को शहर के स्कूल मे चल रही बस, मैजिक वाहनों की विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया जिस मे स्कूल की बस मैजिक वाहन को विशेष अभियान चला कर 7बसों की चेकिंग की गई जिसमे 2पर चालानी कार्यवाही की गई एवं दस्तावेज चेक किए गए एवं जरूरी हिदायत दी गई.




### खाटू श्याम के दरबार में भजनों पर झूम उठे लोग

**ब्यावरा 01 सितंबर, का.** स्थानीय गुना रोड स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर धाम पर राधा अष्टमी के शुभ अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया. सुमधुर भजनों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया. श्री खाटू धाम मंदिर समिति और श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा आयोजित भजन संध्या में भजन गायक ब्रजराज अग्रवाल गंज बसौदा ने अपने साथियों के साथ शानदार भजनों की प्रस्तुति दी. एक के बाद एक खाटू श्याम, राधा रानी सहित देवगण के भजनों ने भाव विभोर कर दिया.

## दोस्तों के साथ डैम पर गए युवक की मौत

मूंदड़ा कॉलोनी निवासी गौरव पांचाल की बांध में डूबने से मौत

**नवभारत न्यूज**
**जीरापुर 01 सिम्बर, सं.** नगर के मूंदड़ा कॉलोनी निवासी गोरव पांचाल कि बांध में डूबने से मौत हो गई. सूचना मिलते ही लोगों की भीड़ बांध के घाट किनारे जमा हो गई. मिलने जुलने वाले सहित आम लोगों में शोक छा गया. रविवार सुबह यह दर्दनाक हादसा हुआ. गौरव दोस्तों के साथ नहाने गया था. बताया जा रहा है कि गौरव पांचाल गहरे पानी में चला गया और बाहर नहीं निकल पाया. काफी प्रयासों के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और अन्य व्यक्ति मौके पर पहुंचे. जहां पर लखन मेवाड़े, कमल वर्मा, रमेश बरोज, बंटी गुप्ता परोलिया द्वारा गहरे पानी में गुपचियां लगाकर निकलने का प्रयास किया गया. बड़ी मशक्कत के बाद शव को पानी से बाहर निकाला गया. पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार गौरव मुंदडा कॉलोनी निवासी दिलीप पांचाल का इकलौता पुत्र था. वह शासकीय महाविद्यालय में बीएससी सेकंड ईयर का छात्र था. सामाजिक तथा



धार्मिक क्षेत्र में हमेशा अपनी सक्रिय भागीदारी निभाता था. मुंदड़ा कॉलोनी में नवनिर्मित महादेव मंदिर में मंदिर सजावट में हमेशा विशेष रुचि रखकर कार्य करता था. इस हादसे से मुंदड़ा कॉलोनी सहित परिजनों नगर में मातम का माहौल छा गया है.

### कैबिनेट मंत्री का स्वागत

**ब्यावरा 01 सितम्बर, का.** प्रदेश सरकार के केबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का अल्प प्रवास के चलते भोपाल बायपास चौराहा स्थित हाईवे ट्रीट पर पार्टी के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियो ने जोरदार स्वागत किया. मंत्री श्री राजपूत द्वारा भाजपा मंडल के बूथ नंबर 20 पर ही प्रधामंत्री द्वारा आयोजित मन की बात कार्यक्रम को देखा. महामंत्री अमित शर्मा, मंडल अध्यक्ष राजू यादव, उपाध्यक्ष बनवारी कुशवाह, अमित सक्सेना सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे.

## चोक नालियों और ड्रेनेज की सफाई देखने निकला अमला

**नवभारत न्यूज**
**सारंगपुर 01 सितम्बर, सं.** अस्पताल रोड की लंबे समय से जलभराव, नालिया चौक की आ रही शिकायत पर रविवार को नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा ने बारिश के दौरान आकस्मिक निरीक्षण किया. प्रतिनिधि वर्मा के निर्देश पर नपा टीम ने व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया. जहां अस्पताल रोड, राजीव पार्क, बदलीपुरा रोड सहित वार्डों में की सफाई कराई गई. सफाई कर्मचारियों ने नालियों से गंदगी निकाली और सड़कों से कचरा हटाया. वही नगर पालिका के वाहनों से कचरे को तुरंत उठाया गया. स्वच्छता अभियान के दौरान स्वच्छता प्रभारी सतीश कंडारे, जितेंद्र गिरजे भी मौजूद रहे. नगर पालिका उपाध्यक्ष भावना वर्मा ने नपाकर्मियों को साथ ही पेयजल व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए. उपाध्यक्ष वर्मा ने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सफाई व्यवस्था को निरंतर मजबूत किया जाएगा. उन्होंने नागरिकों से सफाई व्यवस्था में सहयोग की अपील की. कचरा इधर-उधर न फैलाने की भी सलाह दी. उन्होंने बताया कि यह अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा. नगरवासियों ने इस पहल का स्वागत किया है. उन्होंने उम्मीद जताई कि स्वच्छता अभियान निरंतर चलता रहेगा और शहर स्वच्छ बना रहेगा.

### प्रतिनिधि ने लोगो से की साफ सफाई रखने की अपील

उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा ने कहा कि हमने सफाई कर्मचारियों को निर्देश दिए है कि वह अस्पताल रोड, परशुराम चौराहा, मुख्य मार्ग से लेकर भीड़ भाड़ वाले इलाकों में सुबह तड़के दुकानें खुलने व लोगो की आवाजाही प्रारंभ होने से पहले ही साफ सफाई की कार्य रोजाना पूरा करे. वार्ड 8 की गंदगी को दूर करवाया। वही लोगों की मांग पर सफाई विभाग को नगर की सफाई व कचरे के उठाव व मैनेजमेंट की व्यवस्था और अधिक दुरस्त करने के निर्देश दिए हैं.

## सुंदरकाण्ड और भजन गाकर ज्ञापन सौंपा

**नवभारत न्यूज**
**खिलचीपुर 01 सिम्बर, सं.** नगर में लंबे समय से परिषद में स्वीकृत निर्माण विकास कार्यों को रोके जाने ओर विभिन्न मांगों को लेकर नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि विजय शर्मा के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया गया. तेज बारिश के बीच रघुपति राघव राजा राम की धुन पर भजन, हवन सुंदरकांड पाठ किया गया. काग्रेस और भाजपा पार्षदों के साथ ही नागरिक शामिल हुए. तहसीलदार को ज्ञापन में मांग की गई कि विभिन्न वार्डो में परिषद में स्वीकृत किए गए विकास निर्माण कार्य जल्द शुरू किए जाए. आरोप लगाते हुए कहा कि नगर के वार्ड 7 में चार माह बनाई गई लाखों की सड़क भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गई. उपाध्यक्ष प्रतिनिधि विजय शर्मा ने खिलचीपुर में अराजकता, सड़क पर गड्ढों, करोड़ों की लागत की नवीन सड़के भ्रष्टाचार की भेट चढ़ने के आरोप लगाए. इस मौके पर पार्षद प्रतिनिधि राकेश जायसवाल ने भी भ्रष्टाचार के आरोप लगाए. वहीं सीएमओ पवन अवस्थी ने कहा आज पार्षद प्रतिनिधियों और नागरिकों ने ज्ञापन दिया हे उनकी मांगों पर कार्यवाही की जायेगी.



**अल्टीमेटम** मामला वेयरहाउस से मिल रहे गीले और सड़े गेहूं का, कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा, 7 सितम्बर तक का समय दिया

# विक्रेताओं ने आवाज उठाई, घटते कमीशन पर नाराजगी

**नवभारत न्यूज**
**राजगढ़ 01 सितम्बर, का. जिले के सार्वजनिक वितरण प्रणाली विक्रेताओं ने अपनी लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन से गुहार लगाई है. सोमवार को जिला मुख्यालय पर विक्रेताओं ने सामूहिक रूप से कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने कहा कि विगत कुछ माह से वेयरहाउस से उन्हें जो गेहूं वितरण हेतु मिल रहा है वह पूरी तरह गीला और खराब गुणवत्ता का है. कई बार गेहूं की बोरी खोलते ही उसमें से पानी झलकने लगता है.**



ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि जब किसान से समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाती है तो वेयरहाउस तक बेहतर स्थिति में गेहूं पहुंचता है, किंतु भंडारण व वितरण प्रक्रिया में लापरवाही से अनाज खराब होकर विक्रेताओं तक पहुंच रहा है. स्थिति यह है कि एक बोरी में 50 किलो गेहूं के स्थान पर 200 ग्राम तक की कमी भी पाई जा रही है. विक्रेताओं ने इसे शासन की बड़ी लापरवाही बताते हुए कहा कि इस स्थिति में उपभोक्ताओं तक अनाज का सही वितरण संभव नहीं है. इसके साथ ही विक्रेताओं ने यह भी प्रमुख मांग रखी है कि शासन द्वारा दी जाने वाली कमीशन राशि में कटौती कर दी गई है. पहले जहां प्रत्येक दुकान पर औसतन 10,500 रुपये कमीशन मिलता था, अब उसे घटाकर 8,587 रुपये कर दिया गया है. इससे विक्रेताओं को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है.

### अगले दो महीनों का वितरण असंभव हो जाएगा

ज्ञापन में साफ कहा गया है कि यदि गीले और खराब अनाज की आपूर्ति तथा कमीशन कटौती की समस्या का समाधान 7 सितम्बर तक नहीं किया गया, तो आगामी माह का वितरण कार्य असंभव हो जाएगा और इसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी. इस मौके पर संगठन के पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि वे केवल अपने हक और उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए आवाज़ उठा रहे हैं. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का त्वरित निराकरण नहीं हुआ तो विक्रेता मजबूरन आंदोलन की राह पकड़ेंगे. किस दौरान जिला अध्यक्ष विश्राम सिंह मीणा विकृत संघ के जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान के साथ ही जिले भर के विक्रेता सहायक समिति प्रबंधक मौजूद रहे.




बिल 5 सितम्बर